आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 17.03.2025 समय : 18.30 पीएम

- भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच रक्षा और खेल सहित कई समझौते हुए–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री से आपसी सहयोग पर चर्चा की।

- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर प्रदेश में पर्यटन विकास से जुड़े पहलुओं पर बातचीत की।

- राजस्थान पुलिस की ओर से महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरुक करने के लिए **सुरक्षा सखी पखवाड़ा** मनाया जा रहा है।

- पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में तीन–चार दिन चला आंधी–बारिश का दौर थमा–अगले दो दिनों में तापमान में बढ़ोतरी के आसार।

000

भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच आज कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय समझौते हुए। इनमें रक्षा, शिक्षा, खेल, बागवानी और वानिकी के पांच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ बातचीत की। इसमें भारत–न्यूजीलैंड संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने सुरक्षा साझेदारियों को और मजबूत करने का फैसला किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच आपसी व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

-------------

अपने बयान में श्री लक्सन ने कहा कि दोनों पक्ष पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार के लिए तत्पर हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने राजघाट में महात्मा गांधी की समाधि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री लक्सन रायसीना डायलॉग के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी आज नई दिल्ली में डायलॉग के दसवें संस्करण का उद्घाटन कर रहे हैं। संवाद कार्यक्रम में 125 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केन्द्र सरकार की ओर से डीबीटी के माध्यम से जो धनराशि भेजी जा रही है वो बिना किसी मध्यस्थ के सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंच रही है। श्री मोदी ने अमरीकी पॉडकास्टर और एआई शोधकर्ता लेक्स फ्रिडमैन के साथ अपने साक्षात्कार में ये बात कही।

------------

अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस साक्षात्कार को आज अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया।

000

उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्य में पर्यटन विकास और पर्यटन स्थलों के संरक्षण से जुड़े कई बिंदुओं पर चर्चा की। उपमुख्यमंत्री ने पर्यटन के विकास के नए आयाम तलाशने, बॉर्डर टूरिज़्म को बढ़ावा देने के साथ ही ट्राइबल और रूरल टूरिज्म को लेकर भी बातचीत की। दिया कुमारी ने केन्द्र पोषित विभिन्न योजनाओं के तहत राजस्थान को ज्यादा से ज्यादा सहायता और अनुदान देने का आग्रह किया। राज्य में पर्यटन से जुडी मांगों को लेकर केंद्रीय मंत्री को पत्र भी सौंपा।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सुव्यवस्थित नियोजन और प्रबंधन के साथ पारदर्शी कार्य संस्कृति विकसित करने पर ज़ोर दिया है। उन्होंने राष्ट्रहित को सबसे ऊपर रखते हुए काम करने की बात कही है। श्री बागड़े से आज राजभवन में राजस्थान प्रशासनिक और लेखा सेवा के 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान श्री बागडे ने ट्रेनी अधिकारियों के कार्य और प्रशिक्षण की जानकारी ली और उन्हें देश के विकास में सार्थक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

000

मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य अरविन्द सिंह मेवाड़ का आज उदयपुर में अंतिम संस्कार किया गया। श्रीजी की अंतिम यात्रा सुबह 11 बजे सिटी पैलेस स्थित उनके आवास शंभु पैलेस से शुरू होकर अंत्येष्टी स्थल महासतियां पहुंची। उनके पुत्र लक्ष्यराज सिंह ने मुखाग्नि दी। बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

000

राजस्थान महिला कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में आज सारिका सिंह ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में अपनी नई पारी की कमान संभाली। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कई नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

000

राजस्थान पुलिस की ओर से महिलाओं और बालिकाओं को अधिकारों के प्रति जागरुक बनाने के लिए **सुरक्षा सखी पखवाड़ा** मनाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मालिनी अग्रवाल ने बताया कि सुरक्षा सखियां पुलिस और महिलाओं के बीच अहम कडी होती हैं। सुरक्षा सखियां महिलाओं और बालिकाओं को अपनी सुरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति सचेत रहने का संदेश दे रही हैं।

-------------

000

दौसा रेलवे स्टेशन को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की ओर से "शून्य प्लस" अवार्ड दिया गया है। इस स्टेशन को सौर ऊर्जा के इस्तेमाल से बिजली बचत में अहम योगदान देने के लिए चुना गया है। उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि राजस्थान में "शून्य प्लस" अवॉर्ड प्राप्त करने वाला पहला स्टेशन बन गया है।

-------------

000

राज्य में कैप्टिव ब्रीडिंग तकनीक से पहली बार शुतुरमुर्ग का सफल प्रजनन हुआ है। जयपुर चिड़िया घर में शुतुरमुर्ग अवंतिका के अंडों से नवजात का जन्म हुआ। जयपुर जू के उपवन संरक्षक वन्यजीव विजयपाल सिंह ने बताया कि इस सफलता से सभी उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि ये प्रजनन प्रक्रिया चैन्नई से लाए गए जोड़े से हुई। इसे पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक तंवर की देख रेख में पूरा किया गया।

000

फलौदी जिले के खींचन गांव में आज कुरजां महोत्सव हो रहा है। पर्यटन विभाग की ओर से इसका आयोजन किया जा रहा है। पहली बार हो रहे इस उत्सव में पक्षी प्रेमी कुरजां की अठखेलियों को निहारकर उत्साहित हैं। वहीं लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां भी पर्यटकों और स्थानीय लोगों को आनंदित कर रही हैं।

000

श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में आज एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई। दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 911 पर हुई, जहां एक रोडवेज बस का टायर फटने से बेकाबू होकर ई रिक्शा से टकरा गई। अनूपगढ़ थाना प्रभारी ईश्वर जांगिड़ ने बताया कि हादसे में ई-रिक्शा सवार पिता और दो पुत्रों की मृत्यु हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

000

चूरू जिले के तारानगर में आज नेत्र शिविर लगाया गया। जिला अंधता निवारण समिति की ओर से एक निजी संस्थान के सहयोग से ये शिविर लगाया गया। इस दौरान चिकित्सकों ने करीब ढाई सौ लोगों की आंखों की जाचं की। वहीं 76 लोगों के ऑपरेशन किये गये।

000

पश्चिमी विक्षोभ के असर से तीन-चार दिन चला आंधी और बारिश का सिलसिला अब थम गया है। बीते 24 घंटों में बीकानेर और झुंझुनूं में हल्की बरसात हुई। वहीं आठ से अधिक शहरों में पारा 34 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। डूंगरपुर और चित्तौडगढ में दिन का तापमान 35 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस मापा गया, जो सामान्य से करीब दो डिग्री अधिक है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार प्रदेश में मौसम साफ रहने और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना है।

000

कबड्डी विश्व कप 2025 आज से इंग्लैंड में शुरू हुआ। इस समय भारतीय टीम का मुकाबला इटली से हो रहा है। ये मैच वॉल्वर हैम्प्टन में खेला जा रहा है। सात दिन के इस टूर्नामेंट में 60 से अधिक मुकाबले खेले जाएंगे। पुरुष वर्ग में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन्हें दो ग्रुप में बांटा गया हैं।

000

गृह मंत्रालय ने देश की सुरक्षा को खतरा पैदा करने वाले 67 प्रतिबंधित संगठनों की नई सूची जारी की है। गृह मंत्रालय ने अवैध गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम यू.ए.पी.ए. के तहत इन संगठनों को आतंकवादी अथवा गैरकानूनी घोषित किया है। इसमें 45 को आतंकवादी संगठनों के रूप में चिह्नित किया गया है। वहीं 22 संगठनों को गैरकानूनी घोषित किया गया है। ये संगठन अलगाववादी गतिविधियों और हिंसा में शामिल रहे हैं, जिससे देश की शांति और स्थिरता को खतरा हुआ है। सरकार द्वारा इन संगठनों पर प्रतिबंध लगाने से उनकी संपत्तियां जब्त की जा सकती हैं और वित्तीय लेन–देन रोके जा सकते हैं। इसके साथ ही इन संगठनों के सदस्यों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बताया कि केंद्र सरकार ने चंद्रयान–5 मिशन को मंजूरी दे दी है। यह वर्ष 2040 तक चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने के देश के लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा, सरकार ने 2035 तक **"भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन"** स्थापित करने की योजना को भी स्वीकृति दी है।

000